# युवा पीढ़ी को सशस्त्र बलों में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी यूडब्ल्यूएम संयुक्त कार रैली : राज्यपाल

- यूडब्ल्यूएम संयुक्त कार रैली का देहरादून में भव्य स्वागत, युवाओं को बताई सेना की शौर्य गाथा
- वीरों की याद में राज्यपाल और रैली के प्रतिभागियों ने 'शौर्य स्थल' युद्ध स्मारक पर अर्पित की पुष्प



**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

थोइस (दियाचेन) से शुरू हुई भारतीय वायु सेना-उत्तराखंड वार मेमोरियल संयुक्त कार रैली लेह, श्रीनगर और जम्मू से गुजरते हुए मंगलवार को देहरादून पहुंची। रैली के प्रतिभागियों का यूसीओएसटी साइंस सिटी झाझरा में वैज्ञानिक और महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत के नेतृत्व में छात्रों और वैज्ञानिकों ने स्वागत किया। अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और उत्तराखंड के छात्रों ने प्रतिभागियों को फूलों के गुलदस्ते भेंट किए और साइंस सिटी में उन्हें सम्मानित किया गया। भारत मां के वीर सपूतों के बलिदान को याद करने के लिए शौर्य स्थल चीड़बाग देहरादून में उत्तराखंड सब एरिया के तत्वावधान में पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों की याद में 'शौर्य स्थल' युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित की। वहीं रैली टीम ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया।राज्यपाल ने रैली प्रतिभागियों को युवाओं को प्रेरित करने और भारतीय सशस्त्र बलों की उपलब्धियों के बारे में जागरूकता फैलाने के उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर के थोइस से अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक सात हजार किमी का सफर तय करने वाली यह रैली युवा पीढ़ी को सशस्त्र बलों में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। राज्यपाल ने सेना, नौसेना और वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों व डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक सहित राजनीतिक नेताओं की उपस्थिति में देहरादून शौर्य स्थल से रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली टीम ने स्थानीय प्रतिष्ठित अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान व भारतीय सैन्य अकादमी का भी दौरा किया, जहां उन्हें अधिकारियों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला। इसके अलावा टीम ने दून विश्वविद्यालय का दौरा किया और छात्रों से बातचीत की। भारतीय सशस्त्र बलों के बारे में प्रेरक कहानियां साझा कीं। विंग कमांडर विजय प्रकाश भट्ट के नेतृत्व में रैली में वरिष्ठ आईएएफ अधिकारी ग्रुप कैप्टन विनय अग्निहोत्री, एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने वाली लेफ्टिनेंट कर्नल अश्विनी पवार, पर्वतारोही मेजर स्वाति और 30 अन्य प्रतिभागियों का समूह शामिल है। रैली 16 अक्टूबर को आगरा के लिए रवाना होगी। कार रैली का प्राथमिक मिशन भारतीय सशस्त्र बलों के वीरतापूर्ण योगदान के बारे में जागरूकता फैलाना और देश भर के युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है, जिससे उन्हें सैन्य सेवाओं में उपलब्ध असंख्य अवसरों के बारे में पता चले।

# विरासत आर्ट एंड हेरिटेज फेस्टिवल 2024 का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



उत्तराखण्ड के जाने-माने सांस्कृतिक कार्यक्रम 'विरासत आर्ट एंड हेरिटेज फेस्टिवल 2024' का शुभारंभ उत्तराखण्ड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ डॉ.बी.आर.अंबेडकर स्टेडियम (कौलागढ़ रोड) देहरादून में हुआ। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज जी विरासत महोत्सव 2024 के विधिवत शुभारंभ करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण होने से पूर्व विरासत महोत्सव का प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता रहा है, यह आयोजन निरंतर 30 वर्षों से अपने आयोजनों की छटा बिखेरते चला आ रहा है और विश्व भर में अपनी छाप सांस्कृतिक विरासत के रूप में बनाए हुए हैं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि, आज के आयोजन में उत्तराखंड का प्रसिद्ध छोलिया नृत्य किया गया है जो कि ह्यूमन चैन को सिखाता है। महाराज ने यह भी कहा कि छोलिया नृत्य युद्ध कौशल को बताता है। उन्होंने उत्तराखंड के ढोल को भी संस्कृति से जोड़ते हुए कहा कि ढोल वादक वास्तव में सामवेद से निकलता हुआ एक वादक है। इस ढोल सागर में बहुत सी विद्याएं समाहित हैं। इस अवसर पर उन्होंने पर्यटकों के लिए होम स्टे और अधिक आगे बढ़ाने की बात भी कहीं और कहा कि आज 5000 की संख्या में होम स्टेट रजिस्टर्ड हो चुके हैं । ऐसे होम स्टे हमें आगे बढ़ने चाहिए, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में सतपाल महाराज जी के साथ गीता खन्ना अध्यक्ष, बाल कल्याण आयोग, उत्तराखंड, ओएनजीसी की ओर से श्रीमती आर.एस. नारायणी कार्यकारी निदेशक, कॉर्पोरेट प्रशासन प्रमुख भी मौजूद रही।कार्यक्रम में विरासत महोत्सव के महासचिव आरके सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रिच संस्था द्वारा लगातार तीसवें वर्षगांठ विरासत का यह आयोजन करते हुए मनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इन आयोजनों को करने से विरासत को लगातार ताकत मिल रही है और विश्व भर में इसकी रोशनी और लौ पहुंचती रहेगी।इस मौके पर मुख्य रूप से आयोजन के कार्यक्रम निदेशक लोकेश ओहरी, ट्रस्टी हरीश अवल, संयुक्त सचिव विजयश्री जोशी, निदेशक क्राफ्ट सुनील वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रियवंदा अय्यर, कार्यालय प्रशासक प्रदीप मैथल आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत छोलिया नृत्य के साथ हुई पृ पिथौरागढ़ के पद्मश्री किट्टर प्रकाश रावत पार्टी ने छोलिया नृत्य प्रस्तुत किया पृ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखंड के लोकप्रिय छोलिया नृत्य के साथ बहुत ही शानदार ढंग से हुआ, जिसमें उत्तराखंड के प्रतिष्ठित कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी एवं इस प्रस्तुती ने लोगों का मन मोह लिया। छोलिया एक पारंपरिक लोक नृत्य है जो भारतीय राज्य उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल और नेपाल के पश्चिमी प्रांत में उत्पन्न हुआ है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### विजिलेंस ने स्वास्थ्यकर्मी को रिश्वत लेते पकड़ा

देहरादून। विजिलेंस ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वरिष्ठ सहायक मुकेश कोटियाल को 6 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। कोटियाल ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान के एवज में 6 हजार की मांग की थी। विजिलेंस टीम ने मंगलवार को दून स्थित डीजी हेल्थ कार्यालय से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के आवास की तलाशी व अन्य स्थानों पर चल-अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में पूछताछ जारी है। यदि कोई राज्य के सरकारी विभागों में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी, अपने पदीय कार्य के सम्पादन में किसी प्रकार का दबाव बनाकर रिश्वत की मांग करता है तथा उसके द्वारा आय से अधिक अवैध सम्पत्ति अर्जित की गयी हो, तो इस सम्बन्ध में सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री हैल्पलाइन नम्बर-1064 एवं Whatsapp हैल्पलाईन नम्बर 9456592300 पर सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में निर्भीक होकर सूचना दें।

# मुख्यमंत्री ने राज्य सिविल व प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा में चयनित 289 अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

- राज्य के सरकारी विभागों में रिक्त सभी 24 हजार पदों को भरा जाएगा : पुष्कर सिंह धामी

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में सम्मिलित राज्य सिविल और प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा -2021 के अन्तर्गत चयनित 19 विभागों के 289 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे ये युवा अधिकारी आजादी के अमृतकाल के सिपाही हैं, जो विकसित भारत के स्वप्न को पूरा करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामना और बधाई देते हुए कहा कि आज हमारे इन युवा अधिकारियों के जीवन में एक नई शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साल 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में हमारे इन युवा कर्णधारों का योगदान भी महत्वपूर्ण होगा। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में हमारे इन अधिकारियों की नियुक्ति होने से जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी आयेगी। इससे व्यवस्था को नई गति और दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया था कि राज्य के सरकारी विभागों में रिक्त सभी 24 हजार पदों को भरा जायेगा। अभी अनेक पदों पर भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देश का अग्रणी और आदर्श राज्य बनाने के लिए सभी को टीम उत्तराखंड की भावना से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में देश में विशिष्ट पहचान बना रहा है। नीति आयोग की ओर से जारी सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में राज्य को प्रथम स्थान मिला है। उत्तराखंड में पिछले तीन सालों में 17 हजार 500 से अधिक अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा में नियुक्ति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने चयनित सभी अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे अपने कार्यक्षेत्र में नियमित नवचार लायेंगे। केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अन्तिम छोर के लोगों तक सहजता से पहुंचायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे ये अधिकारी सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आजादी के अमृतकाल के हमारे ये कर्मयोगी अपनी प्रशासनिक क्षमता के माध्यम से आमजन की सेवा कर राज्य को लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ायेंगे। आज जिन 289 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। उनमें 10 डिप्टी कलेक्टर, 10 डिप्टी एस.पी., 18 वित्त अधिकारी, 16 सहायक आयुक्त राज्य कर, तीन कारागार अधीक्षक, 11 सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ), 28 खण्ड विकास अधिकारी, चार कार्य अधिकारी जिला पंचायत, सात सहायक निबन्धक सहकारिता, चार जिलापूर्ति अधिकारी, तीन उप सम्भागीय विपणन अधिकारी, पांच जिला समाज कल्याण अधिकारी, 17 सहायक निदेशक उद्योग, दो सहायक श्रम आयुक्त, तीन सहायक निदेशक कारखाना, 32 उप शिक्षा अधिकारी, 11 जिला सूचना अधिकारी/सूचना अधिकारी, तीन सहायक निदेशक मत्स्य, एक सहायक गन्ना आयुक्त, 19 बाल विकास परियोजना अधिकारी, 02 जिला परिवीक्षा अधिकारी, दो जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, 28 राज्य कर अधिकारी, 12 उप निबन्धक श्रेणी-2, एक अधीक्षक राजकीय प्रमाणित संस्था, एक प्रचार अधिकारी पर्यटन, तीन केस वर्कर, 10 सहायक निदेशक कृषि एवं उद्यान, 20 उद्यान विकास अधिकारी, एक मशरूम विकास अधिकारी, एक पौध सुरक्षा अधिकारी, एक खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी शामिल हैं।

### यूपीसीएल के अस्सी प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता कर रहे डिजिटल भुगतान

देहरादून। यूपीसीएल द्वारा अपने विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा दिये जाने के उददेश्य से वर्तमान में प्रचलित डिजिटल सेवाओं को अपडेट किया जा रहा है जिसमें स्मार्ट मीटर की स्थापना भी एक अहम कदम साबित होगा। बिजली से जुडी सभी प्रकार की जानकारी एवं बिजली भुगतान इत्यादि से सम्बन्धित सेवाओं को उपभोक्तागण घर बैठे प्राप्त कर सकें, हेतु यूपीसीएल द्वारा उपभोक्ता स्वयं सेवा मोबाइल एप तथा अन्य डिजिटल सेवाओं को बेहतर बनाया गया था जिसके फलस्वरूप गत माह सितम्बर 2024 में यूपीसीएल का डिजिटल माध्यमों से भुगतान बढ़कर 80 प्रतिशत से अधिक पहुंच गया है । डिजिटलीकरण होने से उपभोक्ताओं के जीवन में सुगमता आयेगी और समय की भी बचत होगी। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगने से डिजिटलाइजेशन को और महत्वता मिलेगी । उपभोक्तागण स्मार्ट मीटर एप्लिकेशन के द्वारा भी बिजली से जुड़ी सेवाओं यथा बिल भुगतान एवं रिचार्ज को आसानी से करने, ऊर्जा खपत की सही जानकारी, शिकायत दर्ज करने तथा विद्युत पैटर्न का आंकलन इत्यादि सेवायें घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं।

# चयनित पुलिस उपाधीक्षक व कारागार अधीक्षकों को ट्रेनिंग का महत्व समझाया

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



सम्मिलित राज्य सिविल / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2021 में चयनित 10 पुलिस उपाधीक्षकों व 3 कारागार अधीक्षकों के साथ एक संवाद गोष्ठी आयोजित की गई। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने उत्तराखण्ड पुलिस परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, उत्तराखण्ड पुलिस की जनशक्ति एवं पुलिस की विभिन्न शाखा व इकाईयों के कार्यों की जानकारी दी। साथ ही शान्ति व कानून व्यवस्था, पर्यटन, धार्मिक पर्यटन ( चारधाम यात्रा, कांवड़ मेला, महत्वपूर्ण स्नान पर्व ) से संबंधित चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पुलिस फोर्स का एक महत्वपूर्ण अंग है। आप जितना प्रशिक्षण में मेहनत करेंगे उतना ही फील्ड में कार्य करने में आसानी होगी। प्रशिक्षण को दौरान शारीरिक और मानसिक रूप से दक्ष बनाया जाएगा। जिस भी स्थान पर पोस्टिंग पर जाए, उस जगह की भौगोलिक स्थिति, संस्कृति के बारे में जरूर जानकारी करें। साथ ही उत्तराखण्ड आन्दोलन के बारे में भी अवश्य जानकारी ग्रहण करें, जिससे आपको फील्ड में कार्य करने और स्थानीय लोगों के साथ समन्वय बनाने में आसानी होगी। इस अवसर पर अमित सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक / विशेष प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण, डॉ वी मुरूगेशन, अपर पुलिस महानिदेशक, सीबीसीआईडी, ए पी अंशुमान, अपर पुलिस महानिदेशक, अभिसूचना एवं सुरक्षा, बिमला गुंज्याल, पुलिस महानिरीक्षक, कारागार, नीरू गर्ग, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी/एटीसी, कृष्ण कुमार वी के, पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना, मुख्तार मोहसिन, पुलिस महानिरीक्षक फायर सर्विस, नीलेश आनंद भरणे, पुलिस महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, करन सिंह नगन्याल, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र, नारायण सिंह नपलच्याल, पुलिस महानिरीक्षक सीबीसीआईडी, अरुण मोहन जोशी, पुलिस महानिरीक्षक/ निदेशक यातायात, आनंद शंकर ताकवाले, पुलिस महानिरीक्षक, कार्मिक, राजीव स्वरूप, पुलिस महानिरीक्षक, सुरक्षा, जनमेजय खंडूरी, पुलिस उप महानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय, सेंथिल अब्दई कृष्ण राज. एस, पुलिस उप महानिरीक्षक पी एंड एम, निवेदिता कुकरेती, पुलिस उप महानिरीक्षक, फायर सर्विस, सुश्री पी रेणुका देवी, पुलिस उप महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था, बरिन्दरजीत सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक, प्रशिक्षण सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड की सड़कों की हालत बदतर, मुख्यमंत्री के दावे खोखले : नवीन जोशी

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

कांग्रेस प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी ने 15 अक्टूबर तक प्रदेश की सभी सड़कें गड्ढामुक्त करने के वादे को झूठ का पुलिंदा बताया और कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के वादे खोखले साबित हो चुके हैं। प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त करने के वादे पर मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि प्रदेश की सड़कें तो दूर की कौड़ी है। राजधानी देहरादून की सड़कें भी गड्ढामुक्त नहीं हो पाई हैं। आम जनता गड्ढायुक्त सड़कों पर चलने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि देहरादून महानगर में स्मार्ट सिटी की घोषणा के उपरांत जिस प्रकार बिना किसी रोड मैप के सड़कों, नालियों और सीवर लाइनों की खुदाई की गई, उसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। नवीन जोशी ने कहा कि पिछले चार माह में उन्होंने देहरादून महानगर के लगभग सभी वार्डों का दौरा किया और पाया कि लगभग सभी वार्डों में सड़कों व नालियों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। बरसात का समय निकल गया है परंतु अभी तक देहरादून महानगर की एक भी नाली साफ नहीं हो पाई है। बरसात का पानी आज भी नालियों में जमा है जिससे मच्छरों का साम्राज्य फैल रहा है और डेंगू-मलेरिया से लेकर तरह-तरह की बीमारियों का सामना जनता को करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम बोर्ड भंग होने के कारण शहर में नियमित छिड़काव नहीं हो पा रहा है और वार्डों में नियुक्त सफाई कर्मचारियों का भी कोई पता नहीं है। इनके नाम पर लाखों रुपये निगम को चूना लगाया जा रहा है। जोशी ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार और नगर निगम मेयर की नाकामियों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

### उत्तराखंड में अपराधियों के हौसले बुलंद, सामूहिक बलात्कार से देवभूमि फिर हुई कलंकित : करन माहरा



जनएक्सप्रेस/देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने हल्द्वानी के मुखानी में 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुई सामूहिक बलात्कार की निंदा करते हुए इसे देवभूमि को एक बार फिर से कलंकित करने वाली घटना बताया है। प्रदेश में लगातार बलात्कार और सामूहिक बलात्कार की घटनाओं पर चिंता प्रकट करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि लचर कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें कानून एवं पुलिस का कोई भय नहीं है और निर्भीक होकर सामूहिक बलात्कार जैसे जघन्य अपराध की घटनाओं को लगातार अंजाम देते आ रहे हैं। करन माहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पुलिस महानिदेशक से मांग की है कि मुखानी में हुई बलात्कार की घटना के दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के पात्रों के चयन के लिए डिमांड सर्वे जल्द पूरा करें : मुख्य सचिव

**पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत नए शहरों को शामिल करने की सूची शीघ्र तैयार की जाए**



**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत ग्रुप सहित अन्य सभी लाभार्थियों को चयन के लिए डिमांड सर्वे को जल्द पूरा करने के मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत नए शहरों को शामिल करते हुए सूची को जल्द तैयार करने कहा। मंगलवार को सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में शहरी विकास विभाग की 21वीं राज्य स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई।

इस बैठक में वर्ष 2015 से 2022 और 31 दिसम्बर 2024 तक विस्तारित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2024 से 2029 तक क्रियान्वित होने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत की जाने वाले विभिन्न कार्यों को तत्परता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसएलएसएमसी के विभिन्न एजेंडा बिन्दुओं पर भी सहमति प्रदान की। मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत सफाई कर्मचारियों,आंगनबाड़ी कर्मियों, भवन व अन्य निर्माण श्रमिकों, पीएम-स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों पर विशेष फोकस करते हुए ग्रुप लाभार्थियों के साथ ही अन्य सभी लाभार्थियों के चयन करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत नए शहरों को शामिल करते हुए सूची को जल्द तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो शहर पीएमएवाई-यू के तहत शामिल नहीं किये जा सके थे, उन्हें पीएमएवाई-यू 2.0 की सूची में रखा जाए। इस दौरान सीएस ने पीएमएवाई-यू 2.0 के अनुरूप आवास नीति पर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# मंत्री ने आईटीआई टॉपर छात्रों को तकनीकी भ्रमण के लिए किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**



राज्य के कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मंगलवार को यमुना कालोनी स्थित अपने शासकीय आवास से आईटीआई टॉपर 24 छात्र-छात्राओं को भ्रमण के? लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंत्री बहुगुणा के निर्देश पर विभिन्न आईटीआई के एनसीवीटी (राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद) से संबंद्ध रखने वाले संस्थान के उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को राज्य के बाहर स्थापित स्किल यूनिवर्सिटी एवं स्किल सेन्टर पर भ्रमण कराया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को गढ़वाल मंडल के छात्रों को देहरादून से श्रीविश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी गुरुग्राम, हरियाणा के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस टीम में 24 प्रशिक्षार्थी में चार छात्राएं भी सम्मिलित हैं। इस मौके पर मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि आईटीआई में विभिन्न व्यवसायों में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए तमाम तरह के रोजगार उपलब्ध हैं। छात्रों को कौशल विकास में वृद्धि के उद्देश्य से इनको राज्य से बाहर सेंटरों में भ्रमण के लिए भेजा जा रहा है, जिससे यह छात्र-छात्राएं प्रोत्साहित होंगे। मंत्री ने बताया कि राज्य में हरिद्वार आईटीआई में फिलिप्स मशीन टूल्स एवं काशीपुर आईटीआई में स्नाइडर इलैक्ट्रिक की ओर से स्थापित सीओई (सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स) में विभिन्न व्यवसायों में अन्य आईटीआई के क्रमशः 126 और 181 छात्र-छात्राओं का भ्रमण करवाया जा चुका है। भविष्य में अन्य संस्थानों के लिए भी व्यवस्था बनाई जा रही है। इन छात्रों को 16 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी में स्थापित पाठ्यक्रम और वहां अपनाई जाने वाली बेस्ट प्रेक्टिसेस की जानकारी दी जाएगी। वापसी के समय 17 अक्टूबर को यह दल उत्तर प्रदेश के हापुड़ में स्थित एल एण्ड टी कंस्ट्रक्शन स्किल ट्रेनिंग सेन्टर का दौरा करेगा।

### तहसील से पत्रावली गायब, मुकदमा दर्ज

जनएक्सप्रेस/देहरादून। उत्तराखंड की जमीनों पर भू-माफियाओं की नजर रहती है। यही कारण है कि मुकदमें संबंधी पत्रावलियां गायब बता दी जाती है। इसी प्रकार का एक प्रकरण विकास नगर तहसील में आया है, जहां पत्रावलियां गायब बताई गई है। भूमि से सम्बन्धित दस्तावेजों के तहसील कार्यालय से गायब होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहसीलदार विकास नगर विवेक राजौरी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि योजित पूर्ण विलोकन प्रधान पत्र अयूम बनाम सरकार में अधियाचित ग्राम छरबा कृषि भूमि आवंटन पत्रावली को न्यायालय द्वारा उपलब्ध।

### केदारघाटी के विभिन्न कार्यों के लिए 1389.75 लाख स्वीकृत

देहरादून। उत्तराखंड की धामी ने केदारघाटी में विभिन्न कार्यों के लिए 1389.75 लाख रुपये स्वीकृत किये हैं। इनमें राज्य योजना के अंतर्गत विकासखंड अगस्तमुनि में चंद्रापुरीगुगली.आसो.जयकरण.डी मोटर मार्ग के सुधार और डामरीकरण के लिए 535ण10 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मार्ग की कुल लंबाई पांच किलोमीटर है। इसके अतिरिक्त राज्य योजना के अंतर्गत विकासखंड अगस्तमुनि में सारी गौचर के मध्य अलकनंदा नदी पर डबल लेन क्लास ए लोडिंग 95 मीटर स्पान स्टील गार्डर मोटर सेतु व 2.50 किमी पहुंच मार्ग के नवनिर्माण के लिए 17.71 लाख रुपये की स्वीकृति दी है।



# उत्तराखण्ड एक्सप्रेस



**फर्जी है 'जिगरा' का कलेक्शन...**

एक्ट्रेस-फिल्म प्रोड्यूसर और टी-सीरीज के मैनेजिंग डायरेक्टर भूषण कुमार की पत्नी दिव्या खोसला कुमार ने आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा के कलेक्शन पर निशाना...

पढ़ें पेज 7 पर...


# एमबीबीएस छात्रों का 'वाइट कोट सेरेमनी' में झलका उत्साह

**जन एक्सप्रेस । श्रीनगर**



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय आयुर्विज्ञान शोध संस्थान श्रीनगर एमबीबीएस बैच 2024-25 के छात्र-छात्राओं का 'वाइट कोट सेरेमनी' व 'चरक शपथ' का आयोजन किया गया। प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जी द्वारा 14 दिनों के फाउंडेशन कोर्स के बाद बैचलर ऑफ मेडिसिन और बैचलर ऑफ सर्जरी (एमबीबीएस) 130 छात्र-छात्राओं को वाइट कोट व कालेज बैज पहनाकर चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश की बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के हाथों वाइट कोट पहने जाने पर नवआगन्तुक छात्र एवं उनके अभिभावक काफी उत्साहित भी दिखाई दिये। जबकि छात्रों का बैज अलंकरण करने के साथ ही चरक शपथ दिलाई गई। समारोह में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर समा बांधा। जबकि सीनियर छात्रों ने नये छात्रों के माथे पर तिलक लाकर और फूल बरसाकर स्वागत किया। मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जी ने कहा कि वाइट कोट सेरेमनी का मुख्य उद्देश्य मेडिकल और स्वास्थ्य-संबंधी क्षेत्रों में नए स्नातकों का स्वागत करना और छात्रों के डॉक्टर बनने की यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। जबकि छात्रों को चिकित्सा पेशे के पेशेवर मानकों और जिम्मेदारियों को स्वीकार करने की प्रेरणा दी जाती है। उन्होंने श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्रों का स्वास्थ्य मंत्री से पहले श्रीनगर विधायक के तौर पर स्वागत किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एम्स मिलाकर प्रदेश के 12 कॉलेजों में अब एमबीबीएस पढ़ाई करने के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेल कूद प्रतियोगिताए हर साल होगी। जिसमें हर साल अगल-अलग कॉलेजों में अंतर कॉलेज स्तरीय प्रतियोगिताएं होगी।

## तुंगनाथ मंदिर के कपाट चार व मद्महेश्वर धाम के कपाट 20 नवंबर को होंगे बंद

रुद्रप्रयाग। पंचकेदार में प्रतिष्ठित द्वितीय केदार श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट 20 नवंबर को शुभ लग्नानुसार प्रात काल को बंद होंगे। तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर के कपाट सोमवार 4 नवंबर पूर्वाह्न 11 बजे बंद होंगे। कपाट बंद होने के बाद श्री मद्महेश्वर भगवान की चल विग्रह उत्सव डोली विभिन्न पड़ावों से होकर शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी तथा 23 नवंबर को मद्महेश्वर मेला आयोजित होगा। बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति मीडिया प्रभारी डा हरीश गौड़ ने बताया कि श्री मद्महेश्वर मंदिर के कपाट बंद होने की तिथि पंचकेदार गद्दस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में घोषित हुई।

# उत्तरकाशी के बड़कोट में पेयजल समस्या पर हाई कोर्ट सख्त, सचिव और निदेशक से मांगा जवाब



**जन एक्सप्रेस । नैनीताल**

हाई कोर्ट ने उत्तरकाशी के बड़कोट में पानी की समस्या से निजात दिलाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कार्यवाहक न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने सचिव पेयजल व निदेशक पेयजल निगम को तीन सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है।कोर्ट ने यह भी कहा है कि जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर निदेशक पेयजल निगम अगली तिथि को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होंगे। अब मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह होगी। पूर्व में कोर्ट राज्य सरकार सहित पेयजल निगम से इस पर विस्तृत शपथ पत्र पेश करने को कहा था लेकिन अभी तक इस प्रकरण में जवाब पेश नहीं किया गया। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए यह भी कहा था कि यह समस्या पूरे राज्य की है। बड़कोट निवासी सुनील थपलियाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि बड़कोट में पानी की समस्या हो रही है। जिसको लेकर क्षेत्रवासी पिछले छह जून से तहसील परिसर में आंदोलन कर रहे हैं। क्षेत्रवासी टैंकरों से पानी ला ला कर परेशान हो रहे है जबकि 500 मीटर की दूरी पर नदी है। प्रशासन ने अभी तक इस समस्या का समाधान करने में कोई मदद नहीं की। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री सहित अधिकारियों को प्रत्यावेदन दिए लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। आक्रोशित होकर क्षेत्रवासी पिछले छह जून से धरना प्रदर्शन कर रहे है। याचिका में आगे कहा है कि इस समस्या का समाधान एकमात्र उपाय तिलाड़ी से बड़कोट के लिए पंपिंग योजना का निर्माण कर हो सकता है, इसलिए इसकी शीघ्र स्वीकृति दी जाए। हाईकोर्ट ने एक और मामले में सुनवाई की है। हाई कोर्ट ने हरिद्वार के अवधूत मंडल आश्रम की ओर से गुरुकुल कांगड़ी के समीप सड़क की भूमि पर करीब दो सौ दुकानें बनाकर उन्हें किराए पर दिए जाने के विरुद्ध दायर जनहित याचिका पर हरिद्वार विकास प्राधिकरण को जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई को 16 अक्टूबर को होगी।सोमवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हरिद्वार निवासी रोहिताश शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।
जिसमे कहा गया है कि गुरुकुल कांगड़ी के पास अवधूत मंडल आश्रम की ओर से सड़क की 3.5 मीटर भूमि पर अतिक्रमण कर करीब दो सौ दुकानों का निर्माण करके किराए पर उठाया गया है। हरिद्वार विकास प्राधिकरण ने 2012 में रिपोर्ट जारी कर कहा था कि रोड की चौड़ाई 7.5 मीटर होनी चाहिए थी, जो 3.5 मीटर कम पाई गई। जब इसकी जानकारी याचिकाकर्ता ने आरटीआइ से मांगी तो यह फाइल प्राधिकरण के कार्यालय से गायब थी।



## छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित न होने के विरोध में एनएसयूआई ने फूंका कुलपति का पुतला

**जनएक्सप्रेस/गोपेश्वर।** श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय की ओर से महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित न किए जाने के विरोध में मंगलवार को भारतीय राष्ट्र छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने महाविद्यालय के गेट पर कुलपति का पुतला दहन किया और अविलंब छात्रसंघ चुनावों की तिथि घोषित करने की मांग की। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन भेजा। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव सुधांशु बिष्ट, नगर अध्यक्ष किशन सिंह ने कहा कि नए शिक्षा सत्र को शुरू हुए चार माह का समय बीत गया है, लेकिन अभी तक श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय की ओर से छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं की गई है। जबकि अन्य विश्वविद्यालयों से संबद्ध महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव संपन्न हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय की ओर से छात्रसंघ चुनाव की तिथियों की घोषणा नहीं की जाती है।

# अवैध दुकान निर्माण मामले में हाई कोर्ट ने हरिद्वार विकास प्राधिकरण से मांगा जवाब



**जन एक्सप्रेस । नैनीताल**

हाई कोर्ट ने हरिद्वार के अवधूत मंडल आश्रम की ओर से गुरुकुल कांगड़ी के समीप सड़क की भूमि पर करीब दो सौ दुकानें बनाकर उन्हें किराए पर दिए जाने के विरुद्ध दायर जनहित याचिका पर हरिद्वार विकास प्राधिकरण को जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई को 16 अक्टूबर को होगी। सोमवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हरिद्वार निवासी रोहिताश शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमे कहा गया है कि गुरुकुल कांगड़ी के पास अवधूत मंडल आश्रम की ओर से सड़क की 3.5 मीटर भूमि पर अतिक्रमण कर करीब दो सौ दुकानों का निर्माण करके किराए पर उठाया गया है। हरिद्वार विकास प्राधिकरण ने 2012 में रिपोर्ट जारी कर कहा था कि रोड की चौड़ाई 7.5 मीटर होनी चाहिए थी, जो 3.5 मीटर कम पाई गई। जब इसकी जानकारी याचिकाकर्ता ने आरटीआइ से मांगी तो यह फाइल प्राधिकरण के कार्यालय से गायब थी। शिकायत करने पर जनवरी 2024 में मजिस्ट्रेट के आदेश पर प्राथमिकी हुई लेकिन अभी तक पुलिस ने इसकी जांच तक पूरी नहीं की है। याचिका में फाइल गायब करने वालों पर कार्रवाई करने, सड़क के अतिक्रमण को हटाने तथा दर्ज प्राथमिकी की जांच तेजी से पूरी करने के आदेश पारित करने की प्रार्थना की है। संवा सूत्र, चोरगलिया । नैनीताल जनपद में पुलिस द्वारा चलाया जा रहा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 के अंतर्गत युवाओं को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष चोरगलिया राजेश जोशी के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान चोरगलिया क्षेत्र जसपाल सिंह उर्फ पाली को मोटर साइकिल के यूके 06 एम0919 से अवैध कच्ची शराब की तस्कारी करते समय गिरफतार किया।

# दो दिवसीय संस्कृत प्रतियोगिता, विभिन्न विद्यालयों ने मारी बाजी

**जनएक्सप्रेस/गोपेश्वर।** चमोली जिले के देवाल विकास खंड के राजकीय इंटर कालेज में मंगलवार से दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी ओर से संस्कृत भाषा में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग की समूह गान में हिमालयन पब्लिक स्कूल प्रथम, राइका देवाल द्वितीय, राउमावि मानमती तृतीय स्थान पर रहा। समूह नृत्य में राइका देवाल प्रथम, राइका वाण द्वितीय, सरस्वती विद्या मंदिर देवाल तृतीय, श्लोकोच्चारण में हिमालयन पब्लिक स्कूल प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर द्वितीय, राइका मेलखेत तृतीय, भाषण में सरस्वती विद्या मंदिर देवाल प्रथम, हिमालयन पब्लिक स्कूल द्वितीय, राइका देवाल तृतीय स्थान पर रहा।

# स्कूटी पार्क करने को लेकर विवाद, दो समुदायों के बीच हुई मारपीट, गौचर क्षेत्र में धारा 163 लागू



**जन एक्सप्रेस । गोपेश्वर**

चमोली जिले के गौचर बाजार में स्कूटी पार्क करने को लेकर आपस में विवाद हो गया। विवाद में समुदाय विशेष के लोगों ने स्थानीय युवक के साथ मारपीट की। युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच अस्पताल में भी मारपीट हुई। मारपीट के विरोध में स्थानीय लोगों ने बाजार बंद कर प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गौचर में धारा 163 लागू कर दी है। दरअसल, गौचर में कैलाश बिष्ट रेडीमेड गारमेंट की दुकान चलाता है। अपनी दुकान के नीचे स्कूटी खड़ी कर रहा था। कैलाश की दुकान के नीचे ही ठेली पर शरीफ और उनका बेटा सलमान मसाले की ठेली लगाता है। उन्होंने कैलाश को अन्यत्र स्कूटी खड़ी करने को कहा, जिस पर कैलाश ने मना कर दिया और दोनों पक्षों में बहस हो गई। बहस मारपीट में बदल गई। इसमें दोनों पक्ष चोटिल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी गौचर के प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद बिल्जवाण ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण करते हुए दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। बताया जा रहा है कि अस्पताल में भी दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई। क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रशासन की ओर से गौचर क्षेत्र में धारा 163 लागू कर दी गई है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पंजाब के दो युवक व गेस्ट हाउस संचालिका समेत चार गिरफ्तार

**जनएक्सप्रेस/हरिद्वार।** दरगाह पिरान कलियर क्षेत्र स्थित एक गेस्ट हाउस में यात्रियों व बाहरी व्यक्तियों के साथ मारपीट एवं झगड़े के आरोप में पुलिस ने गेस्ट हाउस संचालिका सहित चार को हिरासत में लिया है। सभी का शांति भंग में चालान किया है। उप निरीक्षक एकता ममगाई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में सूरज पुत्र अश्वनी कुमार निवासी जनक नगर थाना डिवीजन नंबर पांच जालंधर पंजाब, उपेंद्र सैनी पुत्र राकेश कुमार सैनी निवासी जालंधर पंजाब, आसिफ पुत्र रियाज निवासी किलकिली साहब बस्ती कलियर व गेस्ट हाउस संचालिका महिला शामिल है।

### जिले के 295 विद्यालयों में 34711 विद्यार्थी देंगे अर्द्धवार्षिक परीक्षा

**जनएक्सप्रेस/अल्मोड़ा।** शिक्षा विभाग 21 अक्तूबर से होने जा रही अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में जुट गया है। जिले के 295 विद्यालयों में 34711 विद्यार्थी अर्द्धवार्षिक परीक्षा देंगे। परीक्षा तिथि घोषित होते ही परीक्षार्थी भी तैयारियों में जुट गए हैं। जिले में 97 हाईस्कूल, 21 जीजीआईसी, 145 जीआईसी, 32 अशासकीय विद्यालय हैं। शिक्षा विभाग शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में परीक्षा से संबंधित तैयारियों में जुट गया है। पहली पाली में कक्षा छह से आठवीं तक के विद्यार्थियों की विज्ञान, दूसरी पाली में व्यायाम विषय की परीक्षा होगी। नौवीं और 10वीं कक्षा की पहली पाली में अंग्रेजी और दूसरी पाली में उर्दू विषय की परीक्षा होगी। 11वीं और 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों की पहली पाली में भौतिक विज्ञान और दूसरी पाली में अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा होगी। परीक्षाएं 30 अक्तूबर तक होंगी।

### प्रश्न पत्रों का जल्द किया जाएगा वितरण

**जनएक्सप्रेस/अल्मोड़ा।** माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की परीक्षा तीन घंटे व जूनियर कक्षा की ढाई घंटे की होगी। जल्द प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा। जिन विषयों के प्रश्न पत्र राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद से प्राप्त नहीं होंगे तो ऐसे प्रश्न पत्र विद्यालय स्तर पर ही तैयार किए जाएंगे और निर्धारित तिथि को ही परीक्षा होगी। शासकीय और अशासकीय विद्यालय विषयों के आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा की तिथियां अपनी सुविधानुसार तय कर सकते हैं।

# मातृ-पितृ विहीन और मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देकर किया सम्मानित




**जन एक्सप्रेस । गोपेश्वर**

चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के 125 मातृ-पितृ विहीन और मेधावी छात्र-छात्राओं को पार्वती देवी गंगा राम ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को राजकीय इंटर कालेज नागनाथ में आयोजित एक कार्यक्रम में छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्मसिंह ने कहा कि पार्वती देवी गंगा राम ट्रस्ट जो गरीब और मातृ पितृ विहीन और मेधावी छात्र-छात्राओं को बीते दस वर्षों से लगातार अपने पठन पाठन को जारी रखने के लिए छात्रवृत्ति के रूप में सहयोग दिया जा रहा है वह सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के इस प्रयास से गरीब असहाय छात्रों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। ट्रस्ट के संस्थापक कालिका प्रसाद काला ने कहा कि इस ट्रस्ट की स्थापना गरीब, मातृ पितृ विहीन और मेधावी छात्रों को पढ़ने में सहयोग मिल सके जिसमें कुशलानंद भट्ट और सुरेखा शर्मा के सहयोग से दस वर्ष हो गए है। पूर्व शिक्षा निदेशक पुष्पा मानस ने कहा कि अब तक 727 बेटियों को छात्रवृत्ति दे चुके हैं।

उन्होंने कहा इस वर्ष 125 मातृ पितृ विहीन एवं मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति दी गई। जिससे उनकी पढ़ाई में इस सहायता से सहयोग मिल सके। हमारा उद्देश्य सबको शिक्षा मिले और जो गरीबी के कारण पढ़ नही सकते हैं। ऐसी बेटियों को लगातार दस वर्षों से यह छात्रवृत्ति दी जा रही है। अब तक इक्कीस लाख रुपये की धनराशि मातृ पितृ और मेधावी छात्राओं को व्यय किया जा चुका है। हमारा उद्देश्य शिक्षा को समान स्तर पर लाना है।

# हरिद्वार जेल से फरार कैदियों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित

**जन एक्सप्रेस । हरिद्वार**




रोशनाबाद स्थित जिला कारागार से फरार हुए कुख्यात प्रवीण वाल्मीकि के गुर्गे पंकज और विचाराधीन कैदी रामकुमार तीन दिन बाद भी पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सके हैं। हालांकि एएसपी जितेंद्र मेहरा के नेतृत्व में गठित एसआइटी फरार कैदियों की धरपकड़ को लगातार हाथ पांव मार रही है। इधर फरार कैदियों पर एसएसपी हरिद्वार की संस्तुति पर आइजी गढ़वाल करण सिंह नगन्याल की ओर से 50-50 हजार का ईनाम घोषित किया गया है। रोशनाबाद स्थित जिला कारागार में रामलीला मंचन के दौरान कुख्यात प्रवीण वाल्मीकि के गुर्गे पंकज और विचाराधीन कैदी रामकुमार निवासी गोंडा उप्र तीन दिन पहले फरार हो गए थे। फरार कैदियों की धरपकड़ को शनिवार देर रात एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने एएसपी जितेंद्र मेहरा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन करते दस टीम बनायी। प्रत्येक टीम को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गयी है। सोने की अंगूठी के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार ज्वालापुर कोतवाली की पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से सोने की अंगूठी बरामद की है। दोनों आरोपित और उनके साथी पहले भी कोतवाली रानीपुर से मोबाइल चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं। कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि बीते 10 अगस्त को प्रदीप गर्ग निवासी रानीपुर मोड़ के घर में घुसकर अलमारी से सोना, पैसे और जरूरी कागजात चोरी कर लिए गए थे। शिकायत पर थाना ज्वालापुर में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। खुलासे के लिए रेल चौकी प्रभारी ऋषिकांत पटवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

# तारीख का कन्फ्यूजन खत्म, अक्टूबर के आखिरी दिन नहीं मनेगी दीपावली, 29 को धनतेरस

**जन एक्सप्रेस । रूड़की**




उत्तराखंड ज्योतिष परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में आचार्य रमेश सेमवाल ने कहा कि निर्णय सिंधु, धर्म सिंधु एवं मुहूर्त चिंतामणि के अनुसार एक नवंबर को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजधानी पंचांग, वाणी भूषण पंचांग, देवी दयाल पंचांग, मार्तंड पंचांग, उत्तराखंड विद्वत परिषद का पंचांग आदि सब ने एक स्वर में इसे स्वीकार किया है। पुरानी तहसील स्थित ज्योतिष गुरुकुलम में मंगलवार को आयोजित बैठक में भारतीय त्योहार पर मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आचार्य रमेश सेमवाल ने कहा कि दीपावली के त्योहार की तिथि को लेकर लोगों में दुविधा देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि सभी पंचांगों में एक नवंबर को दीपावली का पर्व मनाए जाने को स्वीकार किया गया है। आचार्य रजनीश शास्त्री ने कहा कि 29 अक्टूबर को धन त्रयोदशी का त्योहार मनाया जाएगा। 30 अक्टूबर को हनुमान जयंती, 31 अक्टूबर को छोटी दीपावली और एक नवंबर को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। राजकुमार शास्त्री, ओमजी वैदिक महाराज, आचार्य रोहित शास्त्री और आचार्य सचिन शास्त्री ने भी एक नवंबर को दीपावली का त्योहार मनाने को शास्त्र सम्मत बताया।

## आपदा के चार वर्ष बाद भी नहीं बन पाया पक्का पुल

जनएक्सप्रेस/उत्तरकाशी। उत्तरकाशी-लंबगांव मोटर मार्ग पर आपदा के चार वर्ष बीतने के बाद भी अभी तक पक्के पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार पक्के पुल निर्माण की मांग की गई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं, यहां लगा बैली ब्रिज अब पुराना हो गया है, जो आवाजाही के लिए सुरक्षित नहीं है। वर्ष 2021 में विकासखंड भटवाड़ी के बाड़ागड्डी क्षेत्र में आई आपदा के कारण उत्तरकाशी-लंबगांव मोटर मार्ग पर कंकराड़ी नाले पर बना पक्का पुल बह गया था। इससे जनपद के धौंतरी सहित बाड़गड्डी और टिहरी जनपद के लंबगांव क्षेत्र का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया था। स्थिति सामान्य होने के बाद वहां पर लोक निर्माण विभाग की ओर से वहां पर 24 मीटर लंबा बैली ब्रिज बनाया।

# जंगल से तोता पकड़ने वाले दो युवक पकड़े, 47 तोते बरामद



**जन एक्सप्रेस । रूद्रपुर**

जंगल से तोता पकड़कर दिल्ली बेचने ले जा रहे दो युवकों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से 47 तोते बरामद हुए हैं। बाद में वन विभाग ने दोनों पर प्राथमिकी पंजीकृत कर तोतों को जंगल में छोड़ दिया। उप प्रभागीय वनाधिकारी शशि देव ने बताया कि वन विभाग एवं सुरक्षा दल की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि जंगल से तोते पकड़कर खेड़ा निवासी युवक दिल्ली बेचने के लिए ले जा रहा है। इस सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी टांडा रूप नारायण गौतम, सुरक्षा दल प्रभारी कैलाश तिवारी, वन दरोगा हरीश नयाल, सुरेंद्र सिंह, पान सिंह मेहता रविवार दोपहर खेड़ा पहुंच गए और छापामार कार्रवाई की। जहां टीम ने खेड़ा वार्ड नंबर 17 निवासी नईम रजा पुत्र बाबू रजा के घर से 47 जिंदा तोते बरामद किए। इस पर टीम ने नईम एवं रेशमबाड़ी कालोनी वार्ड 13 निवासी फिरासत रजा पुत्र जाफर रजा को गिरफ्तार किया है। मौके पर दो जाल तथा दो पिंजरे बरामद हुए। आरोपितों के विरुद्ध भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9,11, 39, 50, 51 व 57 के तहत प्राथमिकी पंजीकृत कर लिया है। कार शोरूम से नगदी चोरी के तीन अरोपितों को आइटीआइ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके पास से चोरी नकदी समेत चोरी में इस्तेमाल औजारों को बरामद किया गया है। वहीं एक आरोपित फरार चल रहा है, जिसकी गिरफ्तारी को टीम लगाई गई है। रविवार को आइटीआइ थाना में सीओ अनुषा बडोला ने मामले का पर्दाफाश किया। बताया कि छह अक्टूबर को 112 के माध्यम से सूचना मिली कि जैतपुर घोसी स्थित बिंदल हुण्डई शोरूम में चोरों ने गल्ले से लाखों की नगदी चोरी कर ली है। पुलिस ने मौके पर पाया कि चोरों ने शोरूम की बाउंड्री की कंटीली तारों को काटकर, शोरूम की छत की मुम्टी में लगी लोहे की जाली और ग्रिल की सरिया काटकर जीने के रास्ते शोरूम में घुसे थे

